त्यौहारों पर हुड़दंगियों की खैर नहीं

# चप्पे-चप्पे पर तैनात रहेगा पुलिस बल



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 2 मार्च।** आगामी त्यौहारों—होली, धुलेंडी, रंगपंचमी और पवित्र रमजान माह को देखते हुए ग्वालियर पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गई है। जिले में शांति, सौहार्द और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक धर्मवीर सिंह ने आज पुलिस कंट्रोल रूम सभागार में जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली।

एसएसपी सिंह ने स्पष्ट निर्देश दिए कि त्यौहारों के दौरान जिला पुलिस बल पूरी मुस्तैदी और आधुनिक संसाधनों के साथ मैदान में रहेगा। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पुलिस बल बलवा ड्रिल सामग्री और आवश्यक सुरक्षा उपकरणों से लैस रहेगा। एसएसपी ने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता संवेदनशीलता के साथ सतर्कता बरतने की होगी।

**डीजे संचालन के लिए कड़े नियम :** बैठक में थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि आयोजन स्थलों पर वालंटियर्स की तैनाती और आगजनी से बचाव के पुख्ता इंतजाम हों। डीजे और ध्वनि विस्तारक का संचालन निर्धारित समय और तय ध्वनि सीमा के भीतर ही होगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर तत्काल वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। धार्मिक स्थलों की मर्यादा और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए शांति समिति की बैठकें आयोजित कर गणमान्य नागरिकों से समन्वय बनाया जाए।

**नशेड़ियों और उत्पातियों पर होगी सर्जिकल स्ट्राइक :** एसएसपी ने दो टूक शब्दों में चेतावनी दी कि नशे की हालत में उत्पात मचाने, मारपीट करने या शांति भंग करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। विशेषकर उन क्षेत्रों में जहाँ पूर्व में विवाद या शराबखोरी की शिकायतें रही हैं, वहां विशेष चेकिंग और सघन पेट्रोलिंग की जाएगी।

**बैठक में ये अधिकारी रहे मौजूद :** इस उच्च स्तरीय बैठक में अति. पुलिस अधीक्षक (शहर पूर्व) विदिता डागर, अति. पुलिस अधीक्षक (शहर मध्य/यातायात) अनु बेनीवाल, अति. पुलिस अधीक्षक (पश्चिम/अपराध) सुमन गुर्जर, अति. पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) जयराज कुबेर, प्रशिक्षु अधिकारी मनोज कुमार सहित जिले के समस्त सीएसपी, एसडीओपी और थाना प्रभारी उपस्थित रहे।

**इनका कहना है...**

'ग्वालियर पुलिस का उद्देश्य जनता के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है। त्यौहारों की आड़ में किसी भी वर्ग की धार्मिक भावनाएं आहत करने वाले या कानून हाथ में लेने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाएगी।'
**– धर्मवीर सिंह, एसएसपी ग्वालियर**

# वेतन भुगतान न होने पर पीएम को भेजा पत्र

**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 2 मार्च।** ग्वालियर स्थित मानसिक आरोग्यशाला एक बार फिर विवादों के घेरे में है। सर्व मानव कल्याण महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भानु प्रताप चौरसिया ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि संस्था प्रबंधन द्वारा न केवल कर्मचारियों के हकों को दबाया जा रहा है, बल्कि मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री हेल्पलाइन पोर्टल को भी झूठी जानकारी देकर गुमराह किया जा रहा है।? संस्था ने मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच हो और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही की जाए जिन्होंने पोर्टल को गलत जानकारी दी है।

**मानसिक आरोग्यशाला प्रबंधन पर सीएम और पीएम हेल्पलाइन को गुमराह करने का चौरसिया ने लगाया गंभीर आरोप**

**कर्मचारी के वेतन और एरियर को लेकर विवाद :** हासंघ के अध्यक्ष भानु प्रताप चौरसिया ने बताया कि मानसिक आरोग्यशाला में 'डार्क रूम असिस्टेंट' के पद पर कार्यरत आलोक सिंह सैनी के जायज स्वत्वों का भुगतान लंबे समय से लंबित है। आरोप है कि आज 2 फरवरी 2026) तक सैनी की रुकी हुई वार्षिक वेतन वृद्धि का भुगतान नहीं किया गया है।?समयमान वेतनमान का लाभ नहीं दिया गया। ?एरियर एवं अन्य देय राशि का भुगतान भी अटका हुआ है।

**पोर्टल पर गलत जानकारी देने का आरोप :** चौरसिया ने कड़े शब्दों में कहा कि एक ओर कर्मचारी आर्थिक तंगी झेल रहा है, वहीं दूसरी ओर प्रबंधन सरकारी पोर्टलों पर शिकायतों का निराकरण करने के बजाय गलत रिपोर्ट पेश कर रहा है। उन्होंने इसे शासन-प्रशासन की आंखों में धूल झोंकने जैसा बताया है।

**उच्च स्तरीय जांच और भुगतान की मांग :** इस मामले को लेकर सर्व मानव कल्याण महासंघ ने मोर्चा खोल दिया है। इस हेतु प्रधानमंत्री से लेकर कमिश्नर ग्वालियर संभाग तक लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है।

**इनका कहना है...**

'यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक कर्मचारी को अपने हक के वेतन के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। हमने ग्वालियर कमिश्नर तक इस मामले की शिकायत पहुंचाई है। हमारी मांग है कि आलोक सिंह सैनी के सभी स्वत्वों का तत्काल भुगतान किया जाए, अन्यथा महासंघ उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा।'
**– भानु प्रताप चौरसिया, राष्ट्रीय अध्यक्ष, सर्व मानव कल्याण महासंघ**

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 2 मार्च।** गत दिवस महावीर भवन में गरिमामय समारोह के मध्य दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप, ग्रेटर ग्वालियर का वर्ष 2026 का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। जैन समाज की प्रवक्ता ललित जैन भारती ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में इंदौर से पधारे राष्ट्रीय अतिरिक्त महासचिव एवं चंबल रीजन सह प्रभारी, शपथ विधि अधिकारी दिलीप मेहता द्वारा नवीन सदस्य, कोर एवं कार्यकारिणी तथा अध्यक्ष रुपेश रेखा जैन , सचिव अमित राखी भंडारी एवं कोषाध्यक्ष रुपेश रेखा जैन को विधिवत शपथ दिलाई गई। समारोह के मुख्य अतिथि जयपुर से पधारे राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष एवं चंबल रीजन प्रभारी सुरेन्द्र पांड्या रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ इंजी. राजमल द्वारा मंगलाचरण से किया गया। महिला शक्ति श्रीमती निशि, सोनम एवं अंशील ने श्रीमती मिनी एवं सुनैना के संयोजन में आकर्षक मंगलाचरण नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन डॉ. विकास एवं आदित्यमणि द्वारा किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष श्रीमती रश्मि ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया। संस्थापक अध्यक्ष अनुपम चौधरी जैन ने कार्यक्रमों की जानकारी दी। नवीन टीम अध्यक्ष आशीष प्रियंका जैन 'बैंक', सचिव अमित राखी भंडारी एवं कोषाध्यक्ष रुपेश रेखा जैन ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ लेकर संस्था के हित एवं संविधान के पालन का संकल्प लिया। अध्यक्ष आशीष प्रियंका जैन 'बैंक', सचिव अमित राखी भंडारी एवं कोषाध्यक्ष रुपेश रेखा जैन ने संस्था का संचालन परिवार भाव से करने का वचन दिया।

**अध्यक्ष आशीष प्रियंका जैन, सचिव अमित राखी भंडारी एवं कोषाध्यक्ष रुपेश रेखा जैन ने लिया सेवा का संकल्प**

**आगामी वर्ष संस्था कराएगी इन क्षेत्रों में कार्य**

संस्था के नवीन अध्यक्ष आशीष जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी वर्ष में मानव सेवा के अंतर्गत मेडिकल उपकरण बैंक संचालन, मेडिकल कैंप, निर्धन छात्राओं की शिक्षा सहयोग, जीव दया, गौ सेवा, मुनि विहार सेवा सहित वर्षभर विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

# नारी आत्मनिर्भरता की दिखी जीवंत झलक



**नवभारत न्यूज**
**ग्वालियर, 2 मार्च।** महिला सशक्तिकरण और स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बीती 1 मार्च को सोनचिरैया स्त्री उड़ान संस्था द्वारा शहर के एक होटल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस समारोह में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ शहर की महिला उद्यमियों ने अपनी प्रतिभा और व्यावसायिक कौशल का प्रदर्शन कर आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिखी। समारोह का मुख्य आकर्षण महिला उद्यमियों द्वारा लगाए गए स्टॉल्स रहे, जहाँ उनके उत्पादों ने आगंतुकों को प्रभावित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपा चौहान एवं डॉ. श्वेता चौहान द्वारा की गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रख्यात प्रशिक्षक डॉ. ए. के. वाजपेयी 'गुरुदेव' की धर्मपत्नी प्रभा वाजपेयी उपस्थित रहीं। ?समारोह को सफल बनाने में डॉ. ज्योति कुशवाह (असिस्टेंट प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, इंटरनेशनल क्षत्रिय वीरांगना महासभा), श्रीमती गायत्री चौहान, श्रीमती सोनिया सिंह, श्रीमती वंदना जग्गी एवं श्रीमती लता शर्मा का विशेष सहयोग रहा। डॉ. श्वेता चौहान एवं दीपा चौहान संस्थापिका सोनचिरैया स्त्री उड़ान ने बताया कि यह आयोजन प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक पहल है। इस तरह के मंच से न केवल व्यापार बढ़ता है, बल्कि महिलाओं का आत्मविश्वास भी सुदृढ़ होता है।

**सोनचिरैया स्त्री उड़ान का मंच : महिला उद्यमियों ने दिखाया आत्मनिर्भरता का जज्बा**

**प्रेरणा और जागरूकता का संगम**

कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश गौरव 2018 की विजेता और फैशन डिजाइनर पूनम सप्रा ने अपनी ओजस्वी वाणी से महिलाओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। वहीं, कुमकुम भदौरिया ने स्वास्थ्य एवं वेलनेस पर अपने विचार साझा किए, जबकि श्रीमती शिवा के लोकगीतों ने वातावरण में उत्साह भर दिया। कार्यक्रम में अंकिता अग्रवाल, मेहक पुरशवानी, जान्हवी, पूजा साहू, हिमानी व श्रुति सचदेवा, प्रीति, शिल्पी गोयल, गीतांजलि, रश्मि तिवारी, वंदना जग्गी और लता शर्मा ने भी अपने हस्तनिर्मित उत्पादों (जैसे ज्वेलरी, पेंटिंग्स, मोमबत्तियां और खाद्य पदार्थ) का प्रदर्शन किया। प्रांजल सिंह ने प्राकृतिक सौंदर्य उत्पाद,लवली गोयल हर्बल शैम्पू, रूपम राठी घरेलू सौंदर्य उत्पाद, चेतना बेकरी उत्पाद, जूही गोस्वामी हस्तनिर्मित विवाह सामग्री, स्वाति शर्मा, रेज़िन ज्वेलरी,अनुराधा माहेश्वरी शरबत एवं मसाले, अंशी चौहान हस्तनिर्मित क्रोशिया उत्पाद,ज्योति भदौरिया सावनरिया पोशाक पारंपरिक परिधान के स्टॉल लगाए।




